हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 17 नवंबर 2025

06 नपा अध्यक्ष ने कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण..



08 पुलिस की छीना झपटी के बीच कांग्रेस ने फूंका ...





## खबर संक्षेप

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, की बैठक आज

**सागर।** सागर एवं बीना नगर स्थित समस्त केन्द्रीय कार्यालयों के प्रमुखों से सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर स्थित केन्द्रीय बैंकों/उपक्रमों/कार्यालयों में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाती हैं। सागर नगर की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही बैठक आज 17 नवम्बर, 2025 को मध्याह्न 12.00 बजे से डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं नराकास, सागर के अध्यक्ष प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सिविल लाइन्स, सागर स्थित होटल वरदान में आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे।

### गुमशुदा कटौत्रों तथा सामान्य भविष्य निधि जागरूकता कैम्प आज से

**सागर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सागर ने बताया कि जबलपुर कोषालय में दिनांक 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण हेतु जी.पी.एफ. कैम्प आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कैम्प में अभिदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु कार्यालय में पदस्थ समस्त शासकीय सेवकों को सूचित करें तथा अभिदाताओं को अपनी शिकायतों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज की प्रमाणित प्रति के साथ, जिला कोषालय जबलपुर, कैम्प में अपनी शिकायतों का त्वरित समाधान के लिये उपस्थित हो सकते है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सागर ने बताया की सभी 180 डीडीओ की सूची उपलब्ध कर दी गई है 180 डीडीओ में से किस किस कर्मचारियों का मिसिंग है उन कर्मचारी की सूची उनके कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है संबंधित कर्मचारी अपने कार्यालय से समन्वय कर अपने मिसिंग कटौत्रा का निराकरण कराए। जिले के सभी कार्यालय के डीडीओ या लेखापाल मिसिंग कटौत्रा के समस्त दस्तावेज लेकर दिनांक 17 नम्बर एवं 19 नवंबर को सुबह 11 बजे जबलपुर उपस्थित रहे ताकी मिसिंग कटौत्रा का निराकरण किया जा सके।

### बीएमसी के ईएनटी विभाग को मिले अत्याधुनिक उपकरण

**सागर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष द्वारा द्वारा बुंदेलखंड शासकीय मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग को फंक्शनल एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी (फेस्स) से संबंधित अत्याधुनिक और उपयोगी चिकित्सा उपकरण दान दिए.ये उपकरण साइनस रोगों के निदान और उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सक्षम होंगे, जिससे मरीजों को न्यूनतम एंडोस्कोपिक तकनीक से बेहतर और तेज राहत मिल सकेगी। इस दान की पहल की सराहना करते हुए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ पीएस ठाकुर ने कहा कि, आईएमए सागर का यह कदम न केवल चिकित्सा सुविधाओं को सशक्त बनाएगा, बल्कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए गुणवत्तापूर्ण इलाज की नई उम्मीद जगाएगा। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने इस अवसर पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्रों में भी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हों। ये उपकरण गरीब मरीजों को एडवांस्ड साइनस सर्जरी का लाभ पहुंचाएंगे। उन्होंने आगे प्रतिबद्धता जताई कि आईएमए मेडिकल कॉलेज के अन्य विभागों जैसे नेत्र चिकित्सा, सर्जरी विभाग और अन्य विभागों को भी जल्द ही आवश्यक उपकरण दान किये जाएंगे।

## 7.5 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

# मालथौन में 2 एकड़ भूमि पर 5 करोड़ लागत से भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय व स्मारक बनेगाः पूर्वमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मालथौन नगर में दबंगों से मुक्त कराई गई 25 एकड़ सरकारी भूमि पर 5 करोड़ की लागत से भगवान बिरसा मुंडा स्मारक संग्रहालय व उनकी भव्य प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा। मालथौन में आदिवासी भाई बहिनों की एक एक इंच भूमि से दबंगों का कब्जा हटाया जाकर भूमि उन्हें वापस दिलाई जाएगी। यह घोषणा पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित आदिवासी समुदाय के समक्ष की है। विगत दिनों दबंगों पर कार्रवाई कर उनके कब्जे से मुक्त कराई गई 100 एकड़ भूमि के 50 ऐसे आदिवासी भूस्वामियों के नाम पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मंच से पढ़े जिनको उनकी जमीनें प्रशासन द्वारा कब्जा मुक्त कर वापस दिलाई गई हैं।




पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित आदिवासी समाज के भाई बहिनों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने साम्राज्यवादी अंग्रेजों के खिलाफ देश और आदिवासी समाज की आजादी, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। उन्होंने आदिवासी समुदाय व देश में अंग्रेजों के खिलाफ चेतना जगाई। वे त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति के ऐसे उजले दीपक थे जिसकी रोशनी सदियों तक भारत को राह दिखाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की यही ज्योति हमारे आदिवासी समाज को गुलामी से गौरव की ओर ले गई। उनमें स्वाभिमान जगा दिया।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार आने पर जबलपुर में 100 करोड़ की लागत से वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में भव्य स्मारक बनवाया। उन्होंने कहा कि मालथौन नगर के मध्य में 5 करोड़ की लागत से 2 एकड़ भूमि पर भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में भव्य स्मारक बनेगा जिसमें उनकी भव्य प्रतिमा तथा आदिवासी संग्रहालय होगा। उन्होंने कहा कि हमारा आदिवासी समाज वीर, गौरवशाली, स्वाभिमानी और राष्ट्रभक्त समाज है। भोपाल की रानी कमलापति ने मुगलों के विरुद्ध स्वाभिमान की रक्षा में अपने बेटे का बलिदान किया और स्वयं जलसमाधि ली लेकिन अपनी गरिमा गौरव की रक्षा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल के हबीबगंज स्टेशन का नाम बदल कर आदिवासी समाज की भोपाल की रानी कमलापति के नाम पर करके उनकी स्मृति को चिरस्थाई बना दिया। आदिवासी समाज के बच्चे पढ लिख कर आगे बढ़ सकें इसके लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय, सभी स्थानों पर आवासीय छात्रावास, माडल स्कूल बनाए हैं।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम के मंच से जयस की महिला प्रदेशाध्यक्ष बहिन सोनू रावत द्वारा उनके प्रति आदिवासी समाज के परिवारों की पट्टे की जमीनों का मामला विधानसभा में उठा कर जमीनें वापस दिलाए जाने पर ज्ञापित किए गए धन्यवाद व आभार का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने 50 आदिवासी परिवारों की जमीनों को दबंगों के कब्जे से मुक्त करा कर वापस कराया है। दबंगों को जेल भिजवाया है। पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे होते किसी भी आदिवासी परिवार पर अन्याय व शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे। आदिवासी परिवारों की एक एक इंच भूमि उन्हें वापस दिलाई जाएगी। उन्होंने आदिवासी समुदाय से कहा कि एसडीएम श्री मनोज चैरसिया यहां उपस्थित हैं, जिन आदिवासी परिवारों को लोभ लालच धमकी देकर जमीनें लिखवाई गई हैं वे अपनी जमीनों के केस लगाएं उनकी जमीनों की रजिस्ट्री शून्य होगी और कब्जा हटवा कर वापस दिलाई जाएंगी। उन्होंने आदिवासी समुदाय सहित सभी किसानों से आग्रह किया कि कोई भी अपनी जमीन नहीं बेचे। मालथौन में हुए विकास और उल्दन व बीना बांधों की सिंचाई के कारण आपकी जमीनों की कीमत बढ़ चुकी हैं। सिंचाई से यही दो तीन एकड़ रकबे की जमीनें 5 से 10 लाख रुपए प्रतिवर्ष कमा कर आपको देंगी। आप अपनी जमीनों पर खेती करिए किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है जब तक मैं हूं आपका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, आपके अधिकारों की लड़ाई मैं लड़ूंगा। भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मालथौन नगर में 25 एकड़ सरकारी भूमि मुक्त कराई गई है उस पर गरीबों को पट्टे और पीएम आवास स्वीकृत कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने योजनाओं का पैसा और अधिकार परिवार की महिलाओं के नाम करने का निर्णय लिया है क्योंकि महिलाओं को दी गयी धन, संपत्ति हमेशा बच्चों व परिवार के हित में लगती है। उन्होंने आदिवासी समुदाय की महिलाओं से रोजगार योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया।



## 100 पूर्ण लेखन पुस्तिकाएं जमा एक करोड़ 15 लाख बार लिखा सीताराम

**सागर।** श्री सीताराम नाम लेखन के प्रति भक्तों में बढ़ती हुई श्रद्धा को देखते हुए हनुमान दुर्गा भैरव धाम परिसर स्तिथ श्री सीताराम नाम बैंक समिति ने भक्तों के लिए निशुल्क लेखन कॉपियो का वितरण प्रारंभ किया है। समिति ने मंदिर परिसर के साथ सनराइज मेगा सिटी से भी लेखन प्रेमियों को हर रविवार दोपहर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक निशुल्क कॉपी वितरण की व्यवस्था की है। श्री सीताराम नाम बैंक समिति के सह व्यवस्थापक पं बृजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रविवार को सनराइज मेगा सिटी एचआईजी 18 फेज 3 पर श्रद्धालुओं ने 100 पूर्ण लेखन पुस्तिकाएं जमा की ज्ञनिमे कुल 21 लाख 50400 श्री सीताराम नामका लेखन हुआ पं बृजेश द्विवेदी ने आगे बताया कि सनराइज मेगा सिटी से अब तक मैंने 700 पुस्तिकाये लेखन प्रेमियों को वितरित की है । जिनमें से 532 पूर्ण लेखन पुस्तिकाये मेरे निवास पर आकर भक्तों द्वारा जमा कर दी गई है इनमें कुल लेखन 1 करोड़ 15 लाख नामो तक पहुंच गया है ।

# खुरई में आज यूनिटी मार्च का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विधानसभा क्षेत्र खुरई में 17 नवंबर, सोमवार को यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद डॉ. लता वानखेड़े होंगी और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी होंगे तथा यूनिटी मार्च का नेतृत्व युवा भाजपा नेता अविराज सिंह करेंगे। खुरई में यूनिटी मार्च कार्यक्रम की तैयारियों के लिए एक दिन पूर्व बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने पर चर्चा हुई। स्थानीय युवा और धार्मिक संगठनों से भी सहयोग की अपील की गई है। बैठक में युवा नेता अविराज सिंह ने बताया कि यूनिटी मार्च का आरंभ खुरई की आफीसर्स कालोनी स्थित विधायक कार्यालय से होगा। मार्च परसा तिराहा -झंडा चैक-मंगल धाम होता हुआ महाकाली टीन शेड पहुंचेगा जहां सभा के साथ इसका समापन होगा। यूनिटी मार्च का 15 से 20 स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इसका समापन महाकाली मंदिर के समीप महाकाली टीन शेड पर एक विशाल आम सभा के साथ होगा।



उन्होंने बताया कि इस आयोजन में युवा, बुजुर्ग और मातृशक्ति की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मार्च में सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर के साथ एक वाहन शामिल होगा, जिसके पीछे सभी कार्यकर्ता चलेंगे। रास्ते को स्वच्छ रखने और स्वागत के लिए निर्धारित स्थानों पर होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। इन होर्डिंग्स पर सरदार पटेल की शिक्षाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

यूनिटी मार्च की तैयारी बैठक लेते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि मार्च के मार्ग पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हो, इसके लिए सभी नागरिक अपने घरों से पुष्प वर्षा कर सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया।

## ग्राम पड़रई खुर्द में कराया गया पेयजल के लिए नलकूप खनन

**सागर।** देवरी विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गंगवारा के ग्राम पड़रई खुर्द में 10 नवंबर को एक महिला और एक बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। करीब एक दर्जन से अधिक ग्रामीण बीमार हो गए जिन्हें तत्काल देवरी अस्पताल एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। कलेक्टर संदीप जी आर को घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम को संबंधित ग्राम के लिए रवाना किया गया और स्वास्थ्य विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर पेयजल स्त्रोत को संदिग्ध मानते हुए नलकूपों और कुओं के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। कलेक्टर की संवेदनशीलता से त्वरित कार्यवाही से गांव में हालात सामान्य हो रहे हैं लेकिन पानी की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही असली वजह का खुलासा हो पाएगा। पानी की गुणवत्ता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर गांव में नवीन नलकूप खनन कराया गया और उसमें पंप मोटर डालकर स्वच्छ पानी की आपूर्ति शुरू की गई जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

## कलेक्टर की फेसबुक फेक आईडी बनाई

**सागर।** सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर ठगी करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हाल ही में कलेक्टर संदीप जी आर की फेक फेसबुक आईडी तैयार की गई, जिसमें उनकी वास्तविक तस्वीर और नाम का उपयोग किया गया । कलेक्टर ने इसको गंभीरता से लेते हुए आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि फेक अकाउंट से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा सकती है या पैसों की मांग की जा सकती है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपरिचित प्रोफाइल की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, न ही किसी लिंक पर क्लिक करें और न ही किसी प्रकार का ऑनलाइन लेन-देन करें। यदि ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत इसकी शिकायत साइबर सेल को करें।

## सनातन सद्भाव संगठन द्वारा भव्य सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली गई

# जहां-जहां सनातन है, वहां-वहां एकता है, यही हमारी पहचान हैः आकाश राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी द्वारा दिल्ली से वृंदावन तक निकाली जा रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा से प्रेरित होकर आज सागर में सनातन सद्भाव संगठन द्वारा भव्य सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली गई। सागर में सनातन संगठन द्वारा, हिंदू एकता पदयात्रा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह पावन यात्रा पीटीसी ग्राउंड से प्रारंभ होकर सिविल लाइन चैराहे, गोपालगंज मुख्य चैराहा होते हुए श्री वृंदावन मठ सागर तक पहुँची। पूरे मार्ग में हजारों श्रद्धालुओं ने "श्री बागेश्वर धाम सरकार" के जयकारों से वातावरण को धर्ममय कर दिया। हर कदम पर सनातन की आस्था, संस्कृति और एकता की अनूठी छवि देखने को मिली।

इस विशाल यात्रा में युवा आकाश राजपूत ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कहा "हमारा यह धार्मिक आयोजन धर्मएकता और सनातन संस्कृति की त्रिवेणी को समर्पित है।




हिन्दू एकता सिर्फ नारा नहीं, एक परंपरा, एक संस्कृति, एक शक्ति का प्रवाह है। एक धर्म, एक संस्कृति, एक भाव ,यही सनातन हिन्दू एकता की असली शक्ति है।

'वसुधेव कुटुम्बकं' का दर्शन हमें सिखाता है कि पूरी दुनिया हमारा परिवार है। यही भावना हमें शाश्वत सनातन बनाती है और हमें एकत्रित होकर एक परिवार की तरह जीवन जीने की प्रेरणा देती है। यदि हमारी परंपरा और संस्कृति प्रेम के धागे से जुड़ी रहेंगी, तो निश्चय ही हमारा भारत सनातन रहेगा, एकजुट रहेगा, और निरंतर 'विश्व गुरु' बनने की ओर अग्रसर रहेगा।

उन्होंने कहा'यदि हम सामाजिक समरसता की ओर संगठित होकर आगे बढ़ेंगे,जात-पात, ऊँचदृनीच, भाषावाद और क्षेत्रवाद से मुक्त रहेंगे,और धर्म के प्रति एकजुट होकर खड़े होंगे,तो निश्चय ही प्रेम की यह राम की माला पूरे भारत में एक नया उजाला लेकर आएगी। हम हिंदू सदियों से प्रेम से जुड़े हैं, संस्कारों में खड़े हैं और सेवा के मार्ग पर चलते हैं। यही है सनातन की राह, यही हमारी शक्ति।

आयोजन को सफल बनाने में सनातन सद्भाव संगठन के जिला अध्यक्ष रितेश ठाकुर एवं शहर के विभिन्न हिंदू संगठनों का विशेष योगदान रहा। सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से गोलू घोषी, शुभम घोषी, संतोष राय, मिश्री चंद्र गुप्ता, अनिल सेन, अंकु चैरसिया, अंकित तिवारी, शशांक सिंह राजपूत, राहुल कोसी, कार्तिक तिवारी, जीतू यादव, अमन गौतम, आशीष साहू, अंकित सेन सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवक संगठन शामिल रहे। हजारों की सहभागिता ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया, जहाँ श्रद्धालुओं की आस्था और समुदाय की एकता ने सनातन संस्कृति की उज्ज्वल छवि प्रस्तुत की।



## घोष पर कदम से कदम मिलाकर निकले आरएसएस के स्वयंसेवक

**गढाकोटा।** सागर के गढाकोटा में रविवार के दिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष में विजयादसमीं के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक पथ संचलन निकला, जिसमें सैकड़ों स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में घोष पर कदम से कदम मिलाकर नगर की सड़कों पर निकले। संचलन कर रहे स्वयं सेवकों पर हर कदम पर पुष्पवर्षा हुई। संचलन स्टेडियम से प्रारंभ होता हुआ भटका तिगड्डा, बस स्टेंड, टाकीज चौराहा, रूई बाजार, बकौली तिगड्डा, दमोह रोड, सहित तमाम स्थानों पर पुष्पवर्षा हुई। इसके पहले दमोह रोड स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में एकत्रिकरण, भारत माता पूजन, बौद्धिक सत्र,ध्वज प्रणाम व प्रार्थना हुई। संचलन का समापन सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में श्रीराम भार्गव, अभिषेक भार्गव, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि गढाकोटा मनोज डब्बू तिवारी, सुरेश कपस्या, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या स्वयंसेवक शामिल हुए।




## जनजातीय गौरव दिवसः भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का आयोजन

**गढ़ाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान बिरसा मुंडा जी की छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ पुष्प माला अर्पित किए। प्राचार्य डॉ. भारती ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके संघर्ष को बताया। उन्होंने कहा कि वे न केवल जनजातीय नेता थे, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी थे जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित किया। सभी को जनजातीय संस्कृति और विरासत का सम्मान करना चाहिए। पुष्पेंद्र वर्मन ने भी अपने विचार रखे और वीडियो के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा जी के स्वतंत्रता संग्राम योगदान को दिखाया। विद्यार्थियों में से शिवानी राजपूत और जिंसी पटेल ने भी अपना भाषण प्रस्तुत किया। जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में कई प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेहंदी चित्रकला, पोस्टर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन जनजातीय गौरव दिवस प्रभारी सुश्री आकृति खरे ने और आभार पुष्पेंद्र वर्मन ने माना।

## एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर ढाना में आयोजित

**सागर।** 31 म.प्र. बटा. एनसीसी सागर का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 187 दिनांक 14 नवम्बर से 23 नवम्बर तक कैम्प कमांडेंट ले. कर्नल राजेन्द्र सिंह, सेना मेडल के तत्वाधान में ढाना, सागर में संचालित हो रहा है।इस कैंप के दौरान एनसीसी कैडेटों को फायरिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल एवं टेंट पिचिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा कैडेट विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग ले रहे हैं, जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेनिस, खो-खो, रस्सा-कस्सी एवं चित्रकारी।शिविर को सफल बनाने के लिए सूबेदार टुक बहादुर थापा, हवलदार विजय सिंह, हवलदार एस.के. निराला, सेकंड ऑफिसर नितिन तिवारी, सेकंड ऑफिसर पी.एस. ठाकुर तथा सेकंड ऑफिसर रूपेश सोनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उक्त शिविर में लगभग 510 एनसीसी कैडेट एवं 10 पीआई स्टाफ भाग ले रहे हैं।



## बुंदेलखंड कायस्थ समाज का सदस्यता अभियान प्रारंभ

**सागर।** बुंदेलखंड कायस्थ समाज के सदस्यता अभियान की शुरुआत सिविल लाइन वार्ड से की गई जिसमें वरिष्ठ कालोनाइजर रत्नेश श्रीवास्तव ने बुंदेलखंड कायस्थ समाज की सदस्यता एवं संरक्षक का पद सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि हमारे समाज के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि समाजोत्थान विकास एवं नई रीतियों के निर्माण की दिशा में कार्य करने के उद्देश्यों के साथ हमारी आगामी पीढ़ी ने एक शानदार शुरुआत की है। इसके लिए हम सभी वरिष्ठों को आगे आकर युवाओं का प्रोत्साहन करना चाहिए। उन्हें मार्गदर्शन देकर एक नया इतिहास रचना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगामी समय में सागर में सिर्फ एक ही संगठन रहेगा एक परिवार रहेगा जिसके नीचे हम सभी एकत्रित होकर नई कहानी लिखेंगे। समाज के युवाओं और लोगों को जब जहां मेरी जरूरत होगी मैं तन मन धन से उनके साथ खड़ा रहूंगा। दिनेश खरे ने कहा कि सयय की मांग है, हम सभी युवाओं को आगे लाकर खड़ा करें आने वाला कल और पल उन्हीं का है हम सभी उनके साथी बनकर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करें जिससे नया वातावरण स्थापित हो। एस एस श्रीवास्तव जयप्रकाश खरे केसी सक्सेना ने कहा कि छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी, समाज के युवाओं के लिए हम सभी हमेशा तत्पर है आप कार्य करिए हम सभी आपके साथ है। अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि आज सिविल लाइन वार्ड से सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है फिर गोपाल गंज वार्ड, वृन्दावन वन वार्ड से होते हुए हम सभी लोग शहर के एक एक वार्ड में जाकर संगठन के सदस्य बनाएंगे और समाज को मजबूती प्रदान करेंगे।

### पुलिस की जांच में खुलासा:ससुरालीजनों की प्रताडना से तंग आकर नव विवाहिता ने खाया था जहर

# मनीषा की मौत मामले में पति निर्दोष,सास ससुर और जेठ पर दहेज हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के धोकडी निवासी नव विवाहिता मनीषा बंजारा की मौत जहर खाने से हुई थी और उसने यह जहर अपने ससुरालीजनों की दहेज को लेकर दी जा रही प्रताडनाओं से तंग आकर खाया था। इसका खुलासा इस मामले की डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल के द्वारा की गई जांच के दौरान हुआ है। खास बात यह है कि पुलिस की जांच के दौरान नव विवाहिता का पति निर्दोष साबित हुआ है। सिर्फ ससुर,सास और जेठ ही दोषी पाए गए है। यही वजह है कि पुलिस ने मृतिका के सास,ससुर और जेठ के खिलाफ ही दहेज हत्या का केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक यह मामला 25 अक्टूबर 2025 को तब हुआ,जब एक दिन पहले मायके से ससुराल आई नव विवाहिता मनीषा बंजारा वर्ष पत्नी विनोद बंजारा ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच जहर खा लिया था। इसका पता चलने पर जब ससुरालीजन मनीषा को रघुनाथपुर अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जिला अस्पताल लाते समय मनीषा की रास्ते में मौत हो गई। रघुनाथपुर थाना पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया।



**मायके पक्ष के लोगों ने पति को सीधा साधा बताया**

यूं तो ऐसे मामलो में अक्सर पुलिस की जांच के दौरान सबसे पहले दोषी मृतका पति की निकलता है,लेकिन इस मामले का रोचक पहलू यही निकला है कि इसमे नव विवाहिता का पति बेकसूर निकला है। पुलिस की जांच के दौरान मृतक नव विवाहिता के पिता समेत अन्य मायके पक्ष के लोगों ने दर्ज कराए अपने बयानो में साफ तौर पर कहा कि पति विनोद बंजारा सीधा साधा है और वह उसे परेशान भी नहीं करता था, इसलिए उसका इस मामले में कोई दोष नहीं है। सास सैंपल बाई, ससुर मुन्ना बंजारा और जेठ रमेश बंजारा ही नव विवाहिता मनीषा को प्रताडित करते थे। ऐसे में पुलिस ने मामले की जांच के बाद नव विवाहिता के ससुर मुन्ना बंजारा, सास सैंपल बाई तथा जेठ रमेश बंजारा के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

**दहेज में 5 लाख लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे ससुरालीजन**

नव विवाहिता मनीषा की पीएम रिपोर्ट के दौरान यह बात सामने आई कि उसकी मौत जहरीला पदार्थ खाने के चलते हुई है। जब डीएसपी हेडक्वार्टर पीएन गोयल ने इस मामले की जांच की तो जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मनीषा बंजारा की तीन साल पहले 12 मई 2022 को विनोद बंजारा के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे भी हो गए। लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही सास,ससुर और जेठ के द्वारा नव विवाहिता को दहेज में अपने मायके से 5 लाख रूपए लाने की मांग कर रहे थे और इस मांग के पूरा नहीं करने पर उसे प्रताडित भी कर रहे थे। इसी प्रताडना से तंग आकर नव विवाहिता ने जहर खाकर अपनी जान दे दी।

**इनका कहना है...**

इस मामले की जांच के दौरान पति बेकसूर और सास,ससुर व जेठ दोषी पाए गए है। इसलिए उनके खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल ससुर को अरेस्ट कर लिया है,शेष दो आरोपियों की भी जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

**पीएन गोयल**
**डीएसपी हेडक्वार्टर श्योपुर**

### किसान कांग्रेस के धरने के 9 दिन पूरे, मुआवजा नहीं मिलने से दे रहे धरना

# पुलिस की छीना झपटी के बीच कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



किसान कांग्रेस द्वारा पटेल चौक पर फसल मुआवजा की मांग को लेकर दिए जा रहे धरने के नवें दिन कांग्रेसियों ने सरकार का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया पुतला जलाने की सूचना पूर्व से होने के कारण बड़ी संख्या में पुलिस बल पुतले को जलाने से रोकने के लिए एकत्रित हो गया था। पुलिस और नेताओं की खींचतान के के बीच कांग्रेसी सरकार का पुतला जलाने में सफल रहे। पुतले को जलने से बचाने के लिए फायर बिग्रेड से पानी भी छोड़ा गया।

रविवार को शाम 4 बजे पूर्व घोषणा के तहत धरने पर मौजूद कांग्रेसियों ने पहले तो जमकर नारेबाजी की और बाद में छुपा कर ले गए पुतले को आग के हवाले कर दिया जलते हुए पुतले को पुलिसकर्मी बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन कार्यकर्ता भी पुतले को जलाकर ही माने बाद में फायर ब्रिगेड से पुतले पर पानी फेंक कर आग बुझाई गई जिसे पुलिस बाद में अपने साथ ले गई इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने प्रदेश की मोहन सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल को 20 दिन बीतने को आ रहे हैं लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं दिया है जब किसानों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा था तब कलेक्टर ने चार दिन में सर्वे पूरा कर कर मुआवजा बांटने का भरोसा दिलाया था लेकिन उसे बात को भी लंबा समय बीत रहा है अभी तक सर्वे नहीं होने का बहाना बनाया जा रहा है।

सरकार किसानों को मुआवजा देने के पक्ष में नहीं है यह सरकार किसानों की नहीं व्यापारियों की है, सरकार की सोच भी सिर्फ़ व्यापारियों लाभ पहुंचाने की है। इस दौरान किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने सरकार को भेदभाव के साथ काम करने वाली बताते हुए कहा कि यह सरकार किसानों को सिर्फ इसलिए मुआवजा नहीं दे रही है क्योंकि श्योपुर जिले के दोनों विधानसभा में जनता ने कांग्रेस के विधायक का चुनाव किया है कांग्रेस के विधायक सजक प्रहरी है और जनता की बात को जोरदारी से उठा रहे हैं जिससे जनता में कांग्रेस के प्रति लगातार विश्वास बढ़ रहा है यही कारण है कि स्थानीय भाजपा नेता भी सरकार से किसानों को मुआवजा न देने की बात कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरेशी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र आंबेडकर संघर्ष समिति अध्यक्ष निर्वाचित, समिति का भी किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ग्राम पाण्डोला में युवाओं ने एक बैठक आयोजित कर समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बहुजन युवा शक्ति को संगठित करने और सामाजिक मुद्दों पर एकजुटता दिखाने के उद्देश्य से 'डॉ. भीमराव आंबेडकर संघर्ष समिति' नामक नए समिति का गठन किया है। जिसका जिलाध्यक्ष युवा समाजसेवी धर्मेंद्र जाटव सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। इसके अलावा समिति में लोकेश सेंगर का भी उपाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। युवाओं ने बताया कि यह संगठन गांव सहित पूरे क्षेत्र में शिक्षा, सामाजिक न्याय, समता और भाईचारे के मूल्यों को मजबूत करेगा। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही जिसमें मुख्य रूप से डा लोकेंद्र वर्मा, दिलखुश वर्मा, सोनू जाटव, सोनू सेंगर,बनवारी जाटव, ओमप्रकाश सेंगर, मुकेश बैरवा,रामबलवान बैरवा, प्रितम,आकाश, अन्य साथी मौजूद रहे।

# चंबल दाहिनी मुख्य नहर में शुरू हुआ पानी का प्रवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राजस्थान के कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पानी का प्रवाह शुरू कर दिया गया है। रविवार को सुबह 7 बजे के आसपास पार्वती एक्वॉडक्ट पर चंबल नहर का पानी पहुंच गया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा है कि रबी फसल के लिए श्योपुर जिले के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा। वर्तमान में भिण्ड एवं मुरैना की डिमांड अनुसार कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पानी छोडा गया है।

कार्यपालन यंत्री जल संसाधन चैतन्य चौहान ने जानकारी दी कि भिण्ड एवं मुरैना की 1500 क्यूसेक पानी की डिमांड अनुसार आज सुबह 07 बजे के लगभग पार्वती एक्वेडेक्ट पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। उन्होने बताया कि दोपहर 02 बजे तक चंबल एक्वेडेक्ट पर 1346 क्यूसैक पानी डिस्चार्ज हुआ है, जो धीरे-धीरे बढकर 1500 क्यूसैक तक पहुचेंगा। श्योपुर जिले के लिए मांग अनुसार कोटा बैराज से नहर में पानी की मात्रा बढाई जायेगी, उन्होने बताया कि रबी फसल की डिमांड अनुसार 25 नवंबर के आसपास नहर में पानी की मात्रा बढा दी जायेगी। श्योपुर जिले में इस नहर से 78 हजार 665 हेक्टयर एरिया में सिंचाई होती है।

# बच्चों की समझ बढ़ाने में टीएलएम मेले सार्थक पहल: भूपेंद्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




दिव्यांग बच्चों की समझ बढ़ाने और उनकी केयर करने के लिए अभिभावकों में आत्मविश्वास जागृत करने के उद्देश्य से टीएलएम मेले सार्थक पहल है। यह बात डीपीसी भूपेंद्र शर्मा ने रविवार को सीडबल्यूएसएन छात्रावास में दिव्यांग बच्चों ओर उनके अभिभावकों का सामूहिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही।

डीपीसी शर्मा ने बताया कि जिले में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को सरल, रोचक व प्रभावी बनाने के लिए मोबाइल स्त्रोत सलाहकारों द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री के रूप में सामान्य वस्तुओं से आकर्षक प्रादर्श तैयार करवाने जैसे आयोजन पूर्व में भी किए जा चुके हैं और आगे भी किए जाते रहेंगे लेकिन यह प्रयास तब तक सार्थक नहीं हो सकते जबतक इससे जुड़ी मुख्य कड़ी अभिभावक जागरूक नहीं होंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने दिव्यांग बच्चों की समझ के अनुसार उन्हें प्रेरित करें उनमें हीन भावना न आने दें। कार्यक्रम में 25 अभिभावक और 36 बच्चे,56 शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान एपीसी राकेश शर्मा, श्रीराम शर्मा, जन शिक्षा केंद्र के यूसुफ अली, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# युवक को चाकू मार किया घायल, दो भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के कल्याणपुरम कॉलोनी निवासी एक युवक को नामजद आरोपियों ने चाकू मारकर जख्मी कर दिया। घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने चाकू मारने वाले दोनो भाईयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि शहर के वार्ड क्रमांक 8 कल्याणपुरम कॉलोनी निवासी आसिफ खान पुत्र गुड्डन खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीती शाम को जब बाजार से घर की तरफ जा रहा था,तभी कॉलोनी के चौराहे पर उसे मोहल्ले के ही संतोष और उसका भाई कल्लू मिल गए,जिन्होंने गाली गलौच करते हुए मुझ पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू गर्दन पर लगा और मै जख्मी हो गया। हमले करने के बाद दोनो भाई जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से निकल गए। इसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने आसिफ खान की रिपोर्ट पर संतोष और कल्लू के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

**रोगी कल्याण समिति की बैठक 19 को**

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय श्योपुर की रोगी कल्याण समिति कार्यकारणी की बैठक 19 नवंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित होगी। बैठक में आरकेएस के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

# पीएम जनमन अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक की 17 सड़कें बनेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले की आदिवासी बस्तियों एवं ग्रामों में विभिन्न अधोसंरचनात्मक विकास कार्य जारी है। इसी क्रम में पीएम जनमन अंतर्गत 15 करोड 32 लाख लागत की 17 सडके बनेगी, जिनका जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भूमिपूजन संपन्न हुआ। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि इन सडको के निर्माण से विभिन्न आदिवासी ग्रामों को सुगम आवागमन उपलब्ध होगा, बारहमासी सडको के निर्माण से इन ग्रामों के विकास को गति मिलेगी।

सडको का निर्माण पीएमजीएसवाय द्वारा किया जा रहा है। इन सडको में भीखापुर फाटक से डाबली सहराना तक लागत 1.43 करोड, मदनपुरा से मदनपुरा काकड तक लागत 76 लाख, लहरौनी से चांदपुर तक लागत 94 लाख, बुढेरा रोड से जालेरा बीस कॉलोनी तक लागत 1.59 करोड, कराहल बरगवा रोड से प्रेमनगर आदिवासी बस्ती तक लागत 30 लाख, टिकटोली से हथेडी तक लागत 1.42 करोड, शिवपुरी श्योपुर रोड से खोरी आदिवासी बस्ती तक लागत 80 लाख, टिकटोली सडक से पटारी तक लागत 51 लाख, श्योपुर शिवपुरी रोड से कलमी ककरधा तक लागत 90 लाख, मोराई रोड से किशनपुरा आदिवासी बस्ती तक लागत 43 लाख, सरजूपुरा रोड से सावडी आदिवासी बस्ती तक लागत 35 लाख, सोईकलां से खुरखुरा आदिवासी बस्ती तक लागत 71 लाख, बगदरी रोड से खैरघटा छोलघटा तक लागत 1.31 करोड, ढोढर रोड से ढीमचौतरा तक लागत 90 लाख, ढोढर रोड सेमल्दा से नसीरपुरा तक लागत 1.34 करोड, कॉलोनी से कलोनी महाराजपुरा तक लागत 55 लाख एवं आवदा अजापुरा रोड से पानी की टंकी के पास अजापुरा तक लागत 1.06 करोड शामिल है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और सुपोषण नहीं, अर्थ लाभ में रही नगर सरकारों की रुचि

# शहर में 38 आंगनबाड़ी चल रहीं किराए के भवनों में नगर पालिका बेच रही केंद्र के लिए चिन्हित जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




शिक्षा, स्वास्थ्य और सुपोषण नागरिकों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं में शामिल है और इन सुविधाओं को पाना जहां हर नागरिक का मौलिक अधिकार है वहीं संवैधानिक प्रक्रिया के तहत निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और सरकार पर अपने नागरिकों को इन बुनियादी सुविधाओं को आसानी के साथ उपलब्ध कराने का नैतिक दायित्व भी है, पर श्योपुर शहर की नगर सरकारों और उनके प्रतिनिधियों ने अपनी जनता के लिए इन बुनियादी सुविधाओं को देने में कभी रुचि नहीं दिखाई, बल्कि जो मूलभूत सुविधाएं आम नागरिकों को पहले से मिल रही थी या देने के लिए पूर्व में प्रयास किए गए थे ऐसे सारे प्रयासों को न तो नगर सरकारों ने आगे बढ़ाने का काम किया और न ही संचालित सुविधाओं को जनप्रतिनिधियों और उनके द्वारा गठित नगर सरकारों ने अमली जामा पहनाया। हाल ही में कुपोषण मिटाने के उद्देश्य से 10 साल पहले जिस जमीन को आंगनबाड़ी बनाने के लिए कबजेदारों से छुड़वाया था उस जमीन पर आंगनबाड़ी बनवाने के बजाय नगर पालिका उसे बेचने के लिए प्रस्ताव पास कर चुकी है। जबकि नगरपालिका क्षेत्र में भवन बनाने के लिए जमीन नहीं मिलने के कारण 33 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। इससे पहले भी परिषद अपने ही अस्पताल और स्कूल को अनुपयोगी बताकर बंद कर चुकी हैं।

शहर के वार्ड नंबर 9 बाइपास रोड गुलमोहर कॉलोनी के पास नपा के स्वामित्व वाली खुली भूमि भी को भी नीलाम करने की स्वीकृति परिषद द्वारा देने के बाद ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित कर लिए गए थे उक्त ज़मीन किसने खरीदी फ़िलहाल यह भी कोई बताने वाला नहीं है। प्रश्न यह उठता है कि क्या यह भूमि वाकई नगर पालिका की है? और अगर नगर पालिका की है तो नगर पालिका इस पर विकास करने के बजाय इसे बेच क्यों रही है?। दरअसल इस जमीन को दौलत राम गुप्ता की परिषद के समय अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया था तब इस जमीन को आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए सुरक्षित रखी थी 10 साल बीतने के बाद आंगनबाड़ी भवन तो नहीं बना पर इस जमीन को बेचने की स्वीकृति परिषद से जरूर मिल गई है। इससे अब यह तय हो गया है कि अब इस वार्ड के बच्चों को आंगनबाड़ी में सुविधायुक्त सुपोषण व्यवस्था नहीं मिलेगी कमरा नुमा किराए के भवन में ही वार्ड के बच्चे आईडीएस की सेवाएं की औपचारिकता पूरी करते रहेंगे।

**आयुष औषधालय को अनुपयोगी बताकर किया बंद**

ओम राठौर के नेतृत्व वाली नगर पालिका परिषद ने स्कूल से पहले नगर पालिका में संचालित आयुष हॉस्पिटल को बंद कर चुकी है पहले यह हॉस्पिटल पहले जय स्तंभ स्थित उस भवन में संचालित था जिसे बेचने के लिए परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखा था बाद में उसे नपा भवन में ही संचालित कर दिया आधा शहर इससे स्वास्थ्य लाम लेता था पर परिषद ने इसे अनुपयोगी बताकर बंद कर दिया।

**पहले भी अपनी दुकानों की छतें बेच चुकी हैं परिषदें**

इससे पहले भी परिषद है नगर पालिका धरोहरों को बेचने का काम कर चुकी है कृष्ण गुप्ता की परिषद में नगर पालिका के स्वामित्व की कई दुकानें जो बाजार में बनी हुई है उनको नीलाम कर बेचा गया था मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय पीडब्ल्यूडी के बाहर खुली जमीन को बोली लगाकर बेचा गया था हालांकि उक्त भूमि को खरीदने वालों ने बाद में अनुबंध नहीं कराया और अब रेनू राठौर की परिषद ने उसे दोबारा बेच कर खजाना में पैसा जमा कर लिया है। धरोहरों को विकसित करने के बजाय उन्हें बेचने के मानसिकता ने नगर पालिका को आत्मनिर्भर से आश्रित बना दिया है।

**इनका कहना है...**


नपा स्वामित्व के भवन, छत इत्यादि बेचने उन्हें किराए से देने लीज पर हस्तांतरित करने के अधिकार परिषद को होते हैं और परिषद जैसा निर्णय करती है वैसा किया जाता है सीएमओ को इस मामले में विशेष अधिकार नहीं है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

# युवक ने अपनी दुकान के अंदर लगाई फांसी,मौत

**मृतक अपने माता पिता का इकलौता बेटा था, पुलिस ने शुरू की जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कराहल विकासखंड के बरगवां कस्बे में शनिवार की शाम को एक युवक ने अपनी दुकान के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने के कारणों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है,लेकिन मृतक युवक अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। बरगवां थाना पुलिस ने पीएम के बाद मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बरगवां थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह धाकड ने बताया कि ग्राम बरगवां निवासी सागर 27 वर्ष पुत्र हरिओम शर्मा अपने माता पिता का इकलौता बेटा था, उसकी अभी शादी नहीं हुई थी, शनिवार की शाम को उसने अपनी दुकान के अंदर फांसी लगा ली। फांसी लगाने के कारणों का फिलहाल पता नहीं है,लेकिन परिजनों की सूचना पर युवक के शव को मौका मुआयना करने के बाद फांसी के फंदे से उताकर कराहल अस्पताल में पहुंचाया,जहां उसका पीएम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**जनजातीय गौरव दिवस पर युवा संवाद आयोजित**

श्योपुर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले के तीनों विकासखंड श्योपुर, कराहल और विजयपुर में एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू कक्षाओं के छात्रों के साथ संगोष्ठी एवं युवा संवाद आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, त्याग, समर्पण और उनके न्याय व स्वतंत्रता के मूल्यों से अवगत कराना रहा। यह आयोजन कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड के निर्देश व जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। श्योपुर विकासखंड में संगोष्ठी के मुख्य वक्ता समाजसेवी जयसिंह जादौन रहे। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान का नेतृत्व किया। उनका संघर्ष जल-जंगल-जमीन, आदिवासी अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था। कार्यक्रम का संचालन विप्लव शर्मा ने किया और आभार लक्ष्मण राव शिंदे ने व्यक्त किया। इस दौरान विवेक परिहार, सुमिन्दर कौर, सत्यभामा मीणा सहित जन अभियान परिषद के मेंटर्स उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी अख्तर कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सज्जू बाबा, वाजिद कुरैशी, और गज्जू कुरैशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से वाजिद कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फिरोज, अख्तर, सोहिल और शाहरूख कुरैशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बारमहू निवासी पूजा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककराई निवासी देवेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतकुमार अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोंधन निवासी श्यामलाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अंचल के करीब दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

# खसियो वाले खाती बाबा मंदिर में अन्नकूट महाभंडारा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



गत दिवस करैरा में स्थित खसियो के बाग वाले खाती बाबा मंदिर परिसर में ऐतिहासिक अन्नकूट महाभंडारे का आयोजन हुआ जिसमें लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालु दूर-दराज के गाँवों और शहरों से चलकर पहुँचे और एक ही पंक्ति में बैठकर खाती बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर से लेकर मुख्य मार्ग तक भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी दिखाई दीं, कोई पैदल आ रहा था तो कोई गाड़ियो से आ रहे थे परिवार लेकर, बच्चे, बूढ़े, जवान सभी के चेहरे पर एक ही भाव था कि आज बाबा का दरबार सजा है और हमें उनके हाथ का बना प्रसाद मिलेगा।

मंदिर के मुख्य द्वार पर रंग-बिरंगी तोरणद्वार लगे थे, फूलों की मालाएँ लहरा रही थीं, जगह-जगह केसरिया झंडे फहरा रहे थे और चारों तरफ ह्लजय खाती बाबाह्व के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया था। सबसे पहले प्रातः काल में प्रमुख यजमान दीपू भगत जी ने विधि-विधान से खाती बाबा का विशेष अभिषेक किया, दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और पंचामृत से बाबा को नहलाया गया, फूलों की वर्षा की गई, नए वस्त्र चढ़ाए गए, फिर विशाल हवनकुंड में आहुतियां दी गईं जिसमें सैकड़ों किलो घी और हवन सामग्री की सुगंध पूरे क्षेत्र में फैल गई। हवन के बाद धूमेश्वर महादेव के पीठाधीश्वर परम पूज्य अनिरुद्ध वन आचार्य महाराज जी ने स्वयं आकर सबसे पहले कन्या भोजन कराया, सैकड़ों छोटी-छोटी कन्याओं को अपने हाथों से हलुआ, पूरी, कढ़ी, चावल, सब्जी और खीर , उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया और फिर साधु-संतों को भोजन कराया। उसके बाद मुख्य पंडाल में लगी सैकड़ों पंक्तियों में पूरा नगर और आसपास के गाँवों के लोग एक साथ बैठ गए। मंदिर के भंडारे में सुबह तीन बजे से ही सैकड़ों सेवादार जुटे थे, विशालकाय कढ़ाई में कढ़ी पक रही थी, दर्जनों कढ़ाई में हलुआ की खुशबू उठ रही थी, पूरी बनाने सेकडो महिलाये लगी थी ।चावल की भाप दूर तक दिखाई दे रही थी,अन्नकूट की सब्जी दूर तक महक रही थी ।सब्जी काटने से लेकर परोसने तक हर काम में महिलाएँ, पुरुष, युवा सभी कंधे से कंधा मिलाकर लगे थे। दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया सेवादार मुस्कुराते हुए भर-भर कर परोस रहे थे, बुजुर्गों एवं संतों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था थी, कोई खड़ा होकर प्रसाद ले रहा था तो कोई जमीन पर बैठकर चटखारे ले-लेकर खा रहा था। देर रात चलने वाले इस भंडारे में न कोई भेदभाव था, न ऊँच-नीच, न अमीर-गरीब का फर्क, सब एक ही लाइन में बाबा का प्रसाद खाकर धन्य हो रहे थे। आयोजकों ने बताया कि इस बार पिछले सभी रिकॉर्ड टूट गए, टैक्टरो से पूरी चावल भरके भक्त भेज रहे थे करैरा में यह अद्भुत भंडारा बगीचा सरकार के बाद दूसरा बड़ा भंडारा रहा है ।

# किसान ने शाम को लगाए कैमरे रात में धान की चोरी करते कैद हुआ युवक, पुलिस ने जेल भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के गीलारोपा गांव में एक युवक धान की चोरी करते हुए पकड़ाया है। जिसे पुलिस ने 151 की क़ायमी कर जेल भेज दिया है।

बताया गया है कि गीलारोपा निवासी श्रीराम पटेल बड़े किसान हैं। उनकी जमीन में करीब एक हजार क्विंटल धान का उत्पादन हुआ है। यह धान किसान के घर के आगे मैदान में फैलाकर सूखने के लिए करीब पंद्रह से रखी है। बीते कुछ दिनों से धान के ढेरियों में से चोरी का संदेह किसान को हो रहा था। ऐसे में किसान ने बीते शुक्रवार को सीसीटीवी कैमरे लगवाए। शाम को टेक्नीशियन कैमरे लगा कर गया। रात में एक युवक आया और धान की ढेरियों में से बोरियां भर कर ले गया। यह घटना कैमरे में कैद हो गई। किसान ने सुबह कैमरे चेक किए तो यह घटना दिखाई दी। युवक की पहचान प्रीतम पुत्र रामकिशन अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी गीलारोपा के तौर पर हुई। जिसे किसान और उसके परिजन पकड़ कर पुलिस थाने ले गए। जहां पुलिस ने युवक पर 151 कायम कर मुंगावली एसडीएम कार्यालय भेजा। जहां से युवक को जेल भेज दिया गया है। किसान का कहना है कि शुक्रवार रात को करीब डेढ़ दो क्विंटल धान चोरी हुई है। उन्हें शक है कि युवक लगातार धान चोरी कर रहा था। जिससे और पूछताछ होनी चाहिए।

# 5 निलंबित, 6 को नोटिस और 2 की वेतनवृद्धि रोकने के आदेश किए जारी

### कलेक्टरों ने मातहतों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा किए गए भ्रमण के दौरान शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने तथा पदीय कतर्तव्यों के निर्वहन में कमियां मिलने पर 5 शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर निलबंन की कार्यवाही की गई है और 6 को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं।

### इन पर की गई निलंबन की कार्रवाई

जारी आदेश अनुसार शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम जारसल चक्क तहसील चंदेरी के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन चूल्हे पर बनने की शिकायत पर सी.ए.सी. जनपद शिक्षा केन्द्र चंदेरी अशोक ओझा तथा बी.ए.सी. जनपद शिक्षा केन्द्र चंदेरी राम सिंह लोधी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम पंचायत पंचायत डुंगासरा के सचिव सत्यपाल सिंह पंवार को अपने मुख्यालय पर अनुपस्थित मिलने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। तहसील चंदेरी के ग्राम जारसल एवं जारसल चक्क में आंगनवाडी के बच्चों को समय पर नाश्ता न मिलने तथा आंगनवाडी केन्द्र समय पर नहीं खुलने पर पर्यवेक्षक सदमा बानो को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### पटवारी एवं पंचायत सचिव की दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश

इसी प्रकार जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम जारसल चक्क के पटवारी कुलदीप सोलंकी अपने नियत मुख्यालय से अनुपस्थित मिलने पर 02 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई हैं। जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम जारसल के सचिव राजेन्द्र सिंह नियत मुख्यालय से अनुपस्थित मिलने पर 02 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई हैं।

### 6 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

इसी प्रकार विकासखण्ड चंदेरी बी.एम.ओं प्रशांत दुबे को तहसील चंदेरी ग्राम थूबोन का उपस्वास्थ्य केन्द्र बंद पाये जाने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंदेरी सुरभि जैन को तहसील चंदेरी के ग्राम डुंगासरा का माध्यमिक विद्यालय बंद पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम जारसल आंगनवाडी केन्द्र की आंगनवाडी कार्यकर्ता ममता लोधी को अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तहसील चंदेरी के ग्राम जारसल चक्क एवं ग्राम डुंगासरा के विद्यालयों में गैस चूल्हा उपलब्ध न होने के कारण मिट्टी के चूल्हे पर मध्यान्ह भोजन तैयार किए जाने पर विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक चंदेरी वेद प्रकाश गोयल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तहसील चंदेरी के ग्राम जारसल एवं ग्राम डुंगासरा की आंगनवाडी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिलने, बच्चों की उपस्थिति कम मिलने तथा नाश्ता भी समय पर बच्चों को उपलब्ध नहीं कराए जाने पर प्रभारी परियोजना अधिकारी चंदेरी मिथलेश रैकवार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। साथ ही आंगनवाडी केन्द्र डुंगासरा की आंगनवाडी कार्यकर्ता सुनीता बाई अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।



# डिप्टी कलेक्टर बनने के बाद पहली बार क्षेत्र में आईं मोना दांगी

**अशोकनगर।** बहादुरपुर क्षेत्र के इकोदिया गांव की मोना दांगी बीते दिनों मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा घोषित 2023 के परिणामों में 12वीं रैंक प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर बनी हैं। इससे पहले 2022 के परिणामों में सफलता हासिल कर वाणिज्यकर अधिकारी का पद पर उनका चयन हुआ था। मोना परिणामों के बाद पहली बार शुक्रवार को क्षेत्र में आईं। जहां कुकावली, सुमेर, बहादुरपुर, बंगला चैराहा, बरखेड़ा जमाल और गृहग्राम इकोदिया में उनका स्वागत किया गया।

### छात्र छात्राओं के साथ बांटे अनुभव, दी आगे निकलने की प्रेरणा

बहादुरपुर में वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं से रूबरू हुईं। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपनी पढ़ाई के अनुभव बांटे और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्बोधन म कहा कि अभी हमारे क्षेत्र से गिनती के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं, जबकि शिक्षा के लिए बेहतर माहौल तैयार हुआ है। अब मोबाइल और लैपटॉप के जरिए शिक्षा आपके द्वार पर आ चुकी है। आप इंटरनेट का अनावश्यक उपयोग न करते हुए पढ़ाई में उसका उपयोग करें। इस दौरान छात्र छात्राओं ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बंगला चैराहा से बरखेड़ा जमाल होते हुए इकोदिया तक उनके स्वागत में एक रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन, ग्रामीण मौजूद रहे।

15 नवंबर फोटो न.03 डिप्टी कलेक्टर के पद पर

### व्यापारी पर एफआईआर, आरक्षक का निलंबन और 9 नवंबर का सीसीटीवी फुटेज देने की मांग तेज

# किसान रामदास लोधी भूख हड़ताल पर बैठे, आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी तीन मांगों को लेकर साथ में धरने पर डटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर



जिले के भौंती थाना क्षेत्र के रैपुरा गांव में मूंगफली की फसल की तौल में गड़बड़ी विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। उचित कार्रवाई न होने से आक्रोशित किसान रामदास लोधी मनपुरा बस स्टैंड पर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। उनके समर्थन में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के पदाधिकारी भी धरने पर बैठ गए हैं और तीन प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन को और तेज कर दिया है।

### तौल में गड़बड़ी से शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार गत रविवार को रैपुरा गांव के किसान रामदास लोधी ने व्यापारी वीरेंद्र विलैया से मूंगफली की तौल कराई थी। इस दौरान किसान ने कांटे में करीब दो किलो की गड़बड़ी पकड़ ली, इसी को लेकर विवाद शुरू हुआ। किसान का आरोप है कि व्यापारी ने उल्टे उन पर झूठा केस लगाने का दबाव बनाया और भौंती पुलिस की मदद ली।

किसान का कहना है कि 9 नवंबर को थाने में उनसे अभद्रता की गई, उनका मोबाइल तोड़ा गया और सीसीटीवी् फुटेज आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षक आलोक जैन द्वारा बदसलूकी भी की गई। ग्रामीणों ने सोमवार को भौंती थाने का घेराव किया था, जो करीब छह घंटे चला। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर ने आरक्षक आलोक जैन को लाइन अटैच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद विरोध खत्म हुआ।

आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने स्पष्ट कहा है कि वे तीन मांगों के पूरा होने तक आंदोलन नहीं रोकेंगे उनकी तीन मांगों में व्यापारी वीरेंद्र विलैया पर तत्काल एफआईआर, आरक्षक आलोक जैन का निलंबन एवं 9 नवंबर को थाने में हुई अभद्रता का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराना शामिल हैं। इन्हीं तीन मुख्य मांगों को लेकर दोनों संगठन किसान के साथ मंच पर बैठकर भूख हड़ताल का नेतृत्व कर रहे हैं।

### जांच रिपोर्ट पर टिकी कार्यवाही

पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया कि नापतौल विभाग दोनों इलेक्ट्रॉनिक कांटे ज़ब्त कर चुका है और जांच रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि होते ही व्यापारी पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# खोपरा में जल संकट, हैंडपंप पर कतारें, तहसील में भी पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे की पठारी भूमि पर बसे खोपरा गांव में सर्दियों के दस्तक देते ही जलसंकट गहराने लगा है। शनिवार को मुख्य मार्ग से नजदीक लगे एक हैंडपंप पर पानी लेने के लिए ग्रामीण अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कोई साइकिल पर कैन टांगकर ले जा रहा था तो किसी ने लकड़ी की एक जुगाड़ गाड़ी बना रखी थी। आसपास रखी गुमठियों पर बैठे लोगों ने बताया कि बरसात बंद होते ही पानी की किल्लत अपना असर बताने लगती है। बरसात में तो यहां जमीन में से सोते फूटते हैं लेकिन बरसात बंद होने के साथ ही पानी पाताल चला जाता है। इस गांव में चार बस्तियां हैं। जिनमें से एक आदिवासी बस्ती है। आदिवासी बस्ती में तीन हैंडपंप है, शेष गांव में 5। इन सभी में से 5 हैंडपंप चालू स्थिति में हैं। इन 5 में से भी मीठे पानी के केवल 2 हैंडपंप हैं। जिन पर भीड़ रहती है।

### आदिवासी बस्ती में सुधरवा दीजिए हैंडपंप

राजघाट जलप्रदाय योजना के तहत गांव में एक पानी की टंकी खड़ी होनी है। जिसका निर्माण कार्य अभी प्रारम्भिक चरण में है।

ग्राम पंचायत सचिव ओमकार सिंह बागड़ी बताते हैं कि अभी आदिवासी बस्ती के हैंडपंप सुधरवा दिए हैं। पानी की किल्लत की प्रमुख वजह वह पठार बताते हैं। उनका कहना है कि पानी की टंकी बनने के बाद जब पूरे गांव में पाइप लाइन बिछ जाएगी तब जरूर जलसंकट का स्थाई हल हो जाएगा।

# शामावि ढाकोनी में चित्रकला व दौड़ का आयोजन कर बच्चों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा ग्राम पंचायत कुलवार के ग्राम देवगढ़ आदिवासी बस्ती में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय इमझेरा में सचिव दिनेश कुमार सेन द्वारा बालदिवस के अवसर पर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

जिसमे बच्चों की शैक्षणिक मूल्यांकन कर उत्कृष्ट बच्चों को थ्री इन वन नोटबुक व पेंसिल किट प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही छात्र छात्राओं की अलग अलग दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराई जिसमे प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया साथ में समस्त बच्चों को चॉकलेट प्रदान की गई। प्रभारी कप्तान सिंह परिहार ने श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ए एन एम भी उपस्थित रही वही शासकीय माध्यमिक विद्यालय ढाकोनी में छात्र छात्राओं की कक्षावार दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जिसमे मुख्य अतिथि रिटायर जिला आयुर्वेदिक डॉक्टर आर पी शर्मा मां हरी सिद्धि हॉस्पिटल ढाकोनी , समिति ब्लॉक अध्यक्ष शालिग्राम सोलंकी की अध्यक्षता में दौड़ प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता कराई जिसमे सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के चरणों में दीप प्रज्वलित किया गया।

तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमे दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, गीत एवं शायरी का वाचन किया सभी बच्चों को टॉफी वितरण की गई। इस दौरान उपस्थित प्रभारी बद्री प्रसाद मेईया, रानी तिवारी गौरव जाटव सोनेराम शर्मा,पार्थ यादव,समिति ब्लॉक अध्यक्ष शालिग्राम सोलंकी उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों संग नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बाल दिवस मनाया

# बच्चों को खिलाया हाथ से भोजन, भावुक हुए मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बाल दिवस के अवसर पर जहां विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रमों की धूम रही, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया व उनकी परिषद ने इस दिन को विशेष रूप से उन बच्चों को समर्पित किया जो मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने पार्षदों के साथ स्थानीय शिव टोरिया पर बाल दिवस मनाया और बच्चों को अपने हाथों से भोजन कराया।

शनिवार को नपा अध्यक्ष मानोरिया, परिषद सदस्यों के साथ सी.डब्ल्यू.एस.एन छात्रावास, जहाँ श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित और बौद्धिक दिव्यांग बच्चे निवास करते हैं। इन विशेष बच्चों को खुशियाँ देने के उद्देश्य से सभी को टोरिया स्थित माधव उद्यान ले जाया गया। यहाँ अध्यक्ष एवं परिषद सदस्यों ने बच्चों के साथ क्रिकेट खेला, खेलकूद किए और हँसी-मजाक में खूब समय बिताया। बच्चों की मुस्कान देखकर सभी भावुक हो उठे। सभी पार्षद साथियों ने बच्चों के साथ क्रिकेट खेला और झूले झूले। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षदों ने बच्चों को अपने हाथ से भोजन भी कराया।

अध्यक्ष मानोरिया ने कहा बाल दिवस पर कई जगह कार्यक्रम होते हैं, लेकिन इन बच्चों के साथ शायद ही कोई यह दिन मनाता है। इसलिए हमारी परिषद ने सोचा कि वास्तविक बाल दिवस इन्हीं बच्चों के साथ मनाया जाए। आज इन बच्चों के साथ जो आनंद मिला, वैसा पहले कभी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू की बच्चों के प्रति प्रेम भावना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बच्चों के प्रति दिखाए जाने वाले स्नेह को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरी परिषद ने दिव्यांग बच्चों संग गतिविधियों में हिस्सा लिया और उन्हें प्यार एवं सम्मान का एहसास कराया। दिव्यांग बच्चों की मुस्कुराहट ने इस बाल दिवस को सचमुच खास और यादगार बना दिया। ये बच्चे वास्तव में “स्पेशल” हैं और समाज के लिए प्रेरणा भी। यह पहल न केवल सराहनीय रही, बल्कि यह संदेश भी देती है कि बाल दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हर बच्चे तक पहुँचने का एक संकल्प है। इस कार्यक्रम मैं वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद विपिन शिवहरे,नपा सी एम ओ विनोद उन्नीथान, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव,धर्मेंद्र रघुवंशी, मोनू रघुवंशी, सतपाल लोधी,गोपालओझा,मनीष धुरेंटे, बीजेपी नेता प्रतापभान सिंह यादव, सलिल त्रिपाठी, मयंक भार्गव, अंकित जैन, निक्की दुआ, सहित नगरपालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### राजपुर के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में भगवान विरसा मुण्डा की 150वीं जयंती मनाई

**राजपुर।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर जिला अशोकनगर में भगवान बिरसा मुंडा का की 150वी जयंती मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए एवं इसके साथ-साथ बाबा साहब के चित्र पर भी पुष्प अर्पित किए गए एवं माल्यापर्ण किया गया।

अतिथि रूप में सरपंच प्रतिनिधि सफीक खान डॉक्टर अरविंद रघुवंशी चैकी प्रभारी मंड्रेएवं प्राचार्य दयाराम मौर्य के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला गया और साथ में ही संजय बिजोले एवं मुनेश करैया ने भी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों को भगवान बिरसा मुंडा कौन थे और उन्होंने स्वतंत्रता में किस प्रकार से भाग लिया था और उन्होंने हमें आजाद करने के लिए क्या-क्या किया इन सब पर प्रकाश डाला गया। इसमें कक्षा 9 से लेकर के 12 तक के सभी बच्चे सम्मिलित हुए और साथ में समस्त स्टाफ जिसमें सीएससी कृष्णभान सिंह यादव एवं नीलम यादव के साथ अमर सिंह निगम सर जितेंद्र जाटव सविता मौर्या ऋचा जैन सुनीता शर्मा,नीतू चारी मैडम प्रियंका पूनम उपाध्याय राजेश्वरी शर्मा अंजू खेड़ा मनीष प्रजापति अतर सिंह जाटव नीलम सिंह लोढ़ा नीरज खटीक भी उपस्थित थे।

